Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 33
Ghaziabad, Sunday, 14 January- 2024

14 January to 20 January- 2024

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in

# निगम की बोर्ड बैठक में गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव हुआ पास

## मुख्यमंत्री की मोहर लगने बाद बदल सकता है गाजियाबाद का नाम






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर पिछले काफी समय से कई तरह की चर्चा चली आ रही है। हिंदू संगठनओं के द्वारा भी नाम बदलने को लेकर कई बर आवाज उठाई गई। आखिरकर यह है मुद्दा नगर निगम की बोर्ड बैठक में पहुंचा।

जैसे ही यह प्रस्तएवी बोर्ड बैठक में रखा गया तो वहाँ मौजूद ज्यादातर पषादों ने इसका समर्थन किया। जिसके बाद इस प्रस्ताव को मुख्य मंत्री को भेजा गया है। जिस तरह से यह मांग पिछले काफी समय से चली आ रही है और अब यह प्रस्ताव निगम बोर्ड बैठक में पास हुआ तो उम्मीद जतायी जा रही है कि जल्द ही अब कई अन्य शहरों की तरह शासन से मंजूरी मिलने के बाद गाजियाबाद का नाम भी बदला जा सकता है। बताया जाता है कि गाजियाबाद का नाम 1740 में इस शहर की स्थापना गाजी उद्दीन के द्वारा की गई थी। जिसके बाद इस शहर को गाजीउद्दीननगर कहा जाने लगा और यह जिला मेरठ की तहसील थी। इस शहर का विस्तार हुआ और यहाँ रेलवे लाईन खुल गई। उसके बाद इसका नाम छोटा कर गाजियाबाद कर दिया गया था। यह शहर शुरू से ही हिंडन नदी के किनारे ही था। हिंडन नदी का पुराना नाम हरनंदी था। बाद में हिंडन किया गया। इसलिए कुछ लोगों की मांग है कि गाजियाबाद का नाम बदलकर हरनंदी नगर रखा जाये इसके अलावा यहीं पर भोलेथनाथ का प्राचीन और प्रसिद्ध भगवान दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर है इसलिए कुछ लोगों की मांग है। कि गाजियाबाद का नाम बदलकर दूधेश्वर नगर रखा जाए। इसके अलावा कुछ हिन्दू संगठन कि मांग है कि गाजियाबाद का नाम बदलकर गजप्रस्थ रखा जाये। काफी समय गाजियाबाद का नाम बदलने मांग ही नहीं कि जा रही बल्कि नाम बदलने के लिए पोस्टर भी लगाए गए और मंगलवार को यह प्रस्ताव निगम कि बोर्ड बैठक में रखा गया। गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें यह पास हुआ तो निगम में पार्षदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद का नाम बदलने की मांग, हरनंदी नगर, गजप्रस्थ, दूधेश्वर नगर नाम पर विचार हो सकता है। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि इस प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है और मुख्यमंत्री ही इस पर विचार करेंगे।

# आरएचएएम फाउण्डेशन ने 30 गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन पाउडर एवं जूस के पैकेट वितरित किए

## गर्भवती महिलाएं ठण्ड के मौसम में बरते विशेष सावधानी: डॉ धीरज कुमार भार्गव

### आरएचएएम फाउण्डेशन ने वर्ष 2024 के हर महीने की 9 तारीख को प्रोटीन बांटने का संकल्प लिया







**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मंगलवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरस्वती कॉलोनी साहिबाबाद में आरएचएएम फाउण्डेशन की तरफ से गर्भवती महिलाओं की सभी जाँचें, अल्ट्रासाउंड निशुल्क कराया गया। इसके उपरांत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान किसी तरह की तकलीफ न हो इसके लिए प्रोटीन पाउडर एव जूस का वितरण किया गया। आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने सभी गर्भवती महिलाओं की बताया कि हर माह की 9 तारीख को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह इस दिन अपनी समस्या रख सकता है। श्री भार्गव ने गर्भवती महिलाओं को ठण्ड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफरोन, इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और गाजियाबाद सनरेज का विशेष सहयोग रहा। आरएचएएम फाउण्डेशन की ओर से विक्रम सिंह, स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट रविन्द्र सिंह, स्टाफ नर्स प्रेम लता सिंह, वंदना रॉय, रागनी रॉय, संगीता, श्रीदेवी, गीता शर्मा एवं सपोर्ट स्टॉफ प्रदीप व गीता ने गर्वभती महिलाओं की जाँच एवं देख-रेख में सहयोग किया।

# Editorial

## Befitting reply to Maldives

What is the existence of Maldives? Its heartbeat, activity, stability, remaining democracy and basic economy are only due to India. When Maldives asked for water, India quenched its thirst. When Maldives felt hungry, food and grains were provided, not only financial help was provided, but a provision of Rs 400 crore was made in the budget of 2023-24, so that the ongoing projects could continue. When the rebels tried to hijack democracy and stage a coup, India ensured the security and stability of Maldives by sending military aid. In Maldives, 30 percent doctors and 25 percent teachers are 'Indian'. India has trained and prepared more than 2200 public servants, bureaucrats, technicians, judges, police officers and public broadcasters. When measles outbreak spread in Maldives, India provided injections for that disease. India also provided more than one lakh doses of vaccine during the Corona global pandemic. India also regularly supplies medicines, fruits and vegetables, so that there is no food crisis in Maldives and the country does not fall sick as much as our region. It is also noteworthy that the people of Maldives come to India for treatment of diseases. The three young ministers of the country buried under so many favors stink of Indian sweat. India is a country with open defecation. These ministers have so much status and audacity that they can use indecent and derogatory language towards the Prime Minister of India and the nation of India. What India can do with Maldives was revealed in just 3-4 days. Our international players, super star actors, industrialists have declared a boycott of Maldives for the time being. The world's highest number of 2.09 lakh Indians visit Maldives for tourism annually. After Prime Minister Modi's statement and appeal on Lakshadweep, the search for Lakshadweep on 'Make My Trip' platform has increased by 3400 percent. Search of Lakshadweep on Google has broken records. Travel and tour companies have canceled air flight tickets and hotel and resort bookings with immediate effect. Meanwhile, the Israeli government has announced to start a special project in Lakshadweep.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# PM Modi to inaugurate 10th edition of Vibrant Gujarat Global Summit today

**New Delhi.** Prime Minister Narendra Modi will inaugurate the tenth edition of the Vibrant Gujarat Global Summit at Mahatma Mandir in Gandhinagar on Wednesday. This "Tenth Edition" of Vibrant Gujarat will celebrate "20 Years of Vibrant Gujarat as the Summit of Success." The theme of the Vibrant Gujarat Global Summit this year is 'Gateway to the Future'.

UAE President Mohamed bin Zayed Al Nahyan, President of Mozambique Filipe Nyusi and President of Timor Leste José Ramos-Horta, Union Minister Piyush Goyal, and Gujarat CM Bhupendra Patel will attend the inaugural session. After the inaugural session, the Prime Minister will hold a meeting with the CEOs of top global corporations. Modi will interact with prominent business leaders in the Global FinTech Leadership Forum to be held at GIFT City in the evening. There are 34 partner countries and 16 partner organisations for this year's summit. Along with the Indian industrialists, nearly 200 global CEOs are expected to attend the summit. This year, the summit will focus on sunrise sectors like semiconductors, green hydrogen, e-mobility, and space manufacturing. Along with more than 2500 B2B and



B2C meetings, the summit will also have a series of seminars on globally relevant topics such as Industry 4.0, technology and innovation, and renewable energy, among others. The Ministry of Development of the North-Eastern Region will utilise the Vibrant Gujarat platform to showcase investment opportunities in the North-Eastern regions. In the Vibrant Gujarat Global Trade Show, companies will display products made from world-class state-of-the-art technology. Finance Minister Nirmala Sitharaman will attend the seminar on the Gujarat road map for 2047 today, while Union textile minister Piyush Goyal will participate in various seminars and also attend the India-UAE summit this evening. Vibrant Gujarat Global Summit, conceptualised in 2003 under the "visionary leadership" of Narendra Modi, the then Chief Minister of Gujarat. On Tuesday, Prime Minister Narendra Modi and United Arab Emirates President Mohamed bin Zayed Al Nahyan held a bilateral meeting and signed four MoUs to transform the India-UAE partnership. The four MoUs were signed between India and the UAE in the presence of the two leaders, including one between the Gujarat government and DP World, a multinational logistics company based in Dubai. "Giving a boost to Comprehensive Strategic Partnership! PM Narendra Modi held warm discussions with HH @MohamedBinZayed, UAE President and Ruler of Abu Dhabi, in Gandhinagar," MEA said on X. "In their 4th meeting in less than 7 months, the leaders hailed the rapidly transforming India-UAE partnership and reaffirmed their commitment to a shared and prosperous future,"

# Charminar Express derailment at Nampally Railway Station leaves 10 with minor injuries

**Hyderabad.** Approximately 10 individuals sustained minor injuries on Wednesday as the Charminar Express (Train No. 12760) derailed at Nampally Railway Station. According to railway sources, the train, en route from Chennai to Hyderabad, derailed after colliding with the side wall of the fifth platform while gradually approaching Nampally station for a scheduled stop. Three coaches of the train were involved in the derailment. Railway officials transferred the injured passengers to the Lalaguda Railway Hospital in Secunderabad for necessary medical treatment.

Passengers experienced a moment of panic as the train veered off the tracks just seconds before reaching the station platform. Further investigation is underway, the sources added. Safety and security changes in ferrying of goods by sea, road and rail to EU New Delhi, Jan 9 (UNI) After air, the European Union has introduced the new customs pre-arrival safety and security system -- Import Control System 2 (ICS2) -- for entry of goods by maritime and inland



waterways, road and rail.

The system will come into effect from June 3, a statement by the European Commission said. This is the third phase of implementation of the new system that will extend safety and security data reporting requirements to all modes of transport. After the implementation of the system, maritime and inland waterways, road and rail carriers will also need to provide data on goods sent to or through the EU prior to their arrival, through a complete Entry Summary Declaration (ENS). Traders have been advised to prepare in advance for Release 3 to avoid the risk of delays and non-compliance. EU Member States will grant authorisation, upon request, to the affected traders to gradually connect to ICS2 within a time-limited deployment window.

Member states can grant the deployment window anytime from June 3, 2024 to September 1, 2025 for different modes of transportation.

If traders are not ready on time, and do not provide the data required under ICS2, goods will be stopped at the EU borders and will not be cleared by the customs authorities. It may be mentioned that the EU is a major player in international trade and accounts for around 14% of the world's trade in goods. ICS2 will simplify the movement of goods between customs offices at the first point of entry and final destination in the EU. It will also provide a single access point to communicate with all EU Member States' customs authorities for all EU operations instead of 27 national interfaces.

For traders, ICS2 will also streamline requests for additional information and pre-departure risk screening by customs authorities, thus reducing administrative burdens for businesses.

# Delhi LG gives appointment letters to 392 youths; says Govt Job is an opportunity to serve Nation



**New Delhi.** Delhi Lieutenant Governor VK Saxena handed over appointment letters to around 392 newly recruited government employees on Tuesday. Speaking at an event organised to distribute appointment letters to selected youth for various government departments, Saxena said, "Government jobs are not just a means of running a family but also an opportunity for serving the nation." He noted that this is the fourth occasion in the past year when appointment letters are being issued to individuals for various departments in Delhi.

Saxena further highlighted, "The challenge of securing permanent employment," saying that every year, millions of young people work hard to secure government jobs, but only a fortunate few are selected.

He emphasised that no position is too small or big, and the person sitting in a particular role defines its functioning. Each individual in a position has a unique role to play, he added. Shoorveer Singh, Chairman of the Delhi Subordinate Services Selection Board (DSSSB) said, "More than 10,000 people were recruited for different departments through a transparent online recruitment process in 2023."

### भव्य रूप से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री का हुआ लाइव संवाद, नगर आयुक्त ने उपस्थित जनों का किया धन्यवाद

# घर-घर तक पहुंच रही है केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाएं: केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राम जानकी पार्क सेक्टर 12 विजय नगर में महोत्सव के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ कार्यक्रम में लगभग 5000 क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया, व्यवस्था में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार निगम की टीम डटी रही, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कई विशेष अतिथियों ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, महापौर सुनीता दयाल, समस्त विधायक गण व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त नोडल प्रभारी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम द्वारा बताया गया कि विजयनगर जोन अंतर्गत भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें लगभग 5000 की संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित हुए कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी का लाइव संवाद भी हुआ जिसको सभी ने सुना कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सभी पात्रों को सर्टिफिकेट में अन्य सौंप गए कार्यक्रम में लगभग 1550 लाभार्थी बढ़े कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय राकेश कुमार सिंह तथा नगर आयुक्त महोदय विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उपस्थित रहे, जिनके निर्देश के क्रम में सभी अतिथियों का स्वागत भी किया गया तथा भव्य रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में उज्वला योजना के अंतर्गत 44,प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत 68,आधार योजना के अंतर्गत 88, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 50, हेल्थ चेकअप योजना के अंतर्गत 1195 रजिस्ट्रेशन हुए, दूसरा कार्यक्रम सेक्टर 11 विजयनगर में आयोजित हुआ जिसमें माननीय विधायक अतुल गर्ग अतिथि के रूप में रहे कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग मिल रहा है क्षेत्रीय पार्षद गण भी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

# श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा: यूपी में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित, नहीं खुलेंगे स्कूल-कॉलेज; न बिकेगी शराब

**टीबीसी नेटवर्क**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।



मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25-50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 06 भाषाओं में साईनेज हों।



# ग्राम अमराला व ग्राम जहांगीरपुर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आयोजित

## विधायक डॉ.मंजू सिवाच, श्रीमती सुचेता सिंह, जितेंद्र चितौड़ा व देवेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम अमराला व ग्राम जहांगीरपुर ब्लॉक भोजपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों माननीय विधायक डॉ.मंजू सिवाच, श्रीमती सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, जिला महामंत्री जितेंद्र चितौड़ा व मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों योगेश चौधरी, पिंटू चौधरी, शमशुदीन, ओमप्रकाश, मन्नू चौधरी, संतपाल, देवेन्द्र सिंह, नेपाल सिंह, वीरपाल सिंह, यशपाल, सोमपाल को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान अमरपाल, संतपाल, अनिल ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का स्प्रे पिंटू चौधरी, दीपराम, नेपाल सिंह के गेहूं के खेत पर कराया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ- ओ देश मेरे तेरी जान से बढ़के, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों, छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## समयान्तर्गत मानवीय संवेदनाओं एवं जन कल्याण की भावना से करें शिकायतों का निस्तारण: जिलाधिकारी

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। वर्ष 2024 में जनवरी के प्रथम शनिवार को मोदीनगर में मनाये गये सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 128 शिकायतें आयी जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अन्य दो तहसीलों, सदर तहसील में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 06 का निस्तारण एडीएम ई श्री रणविजय सिंह व एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। वहीं लोनी तहसील में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 05 का निस्तारण एसडीएम लोनी अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। मोदीनगर तहसील में आवारा पशुओं पर रोक, गन्ना का पूर्ण भुगतान, नलकूप संयोजन आदि शिकायतें आई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग सम्बंधित काफी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जो विचारणीय हैं, उक्त दोनों विभागों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी मामले का निस्तारण केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंशानुरूप नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण, ईमानदारी, समयान्तर्गत के साथ ही मानवीय संवेदनाओं एवं जन कल्याण की भावना से करें। मोदीनगर में तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सहित एसडीएम मोदीनगर संतोष कुमार राय, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# निशांत चैरिटेबल ट्रस्ट ने कड़कड़ाती सर्दी में जरुरतमंदों को दी राहत



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** निशांत चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से खून जमा देने वाली इस कड़कड़ाती सर्दी में सड़कों पर सोए हुए गरीब मजदूर एवं वंचित व्यक्तियों को ठंड के बचाव के लिए रात में कंबल वितरण किए गए। संस्था के चेयरमैन नीरज भटनागर के नेतृत्व में यह वितरण संस्था के पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा मेरठ रोड से मुरादनगर तक तथा गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में जा जाकर कंबल वितरण किए गए। नीरज भटनागर ने बताया कि उनकी संस्था गत वर्षों में भी इसी प्रकार रात्रि में कम्बल वितरण करती रही है ताकि इस मौसम में कोई भी सर्दी से बीमार न हो।

संस्था की ओर से पुराना गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 ,2, 3, 4 पर भी जाकर ठंड में सोते हुए यात्रियों को भी कंबल वितरण किया गया। संस्था के सभी सदस्यों ने देर रात कंबल वितरण करने में सहयोग किया गया। इस अवसर पर महासचिव अमित श्रीवास्तव, संजय खन्ना, लवलेश गर्ग, पुष्पेन्द्र आर्य, पिंटू, जमुना प्रसाद, अजय श्रीवास्तव, पी सी जोशी आदि ने सहयोग किया।

# कम्प्यूटर कोर्स में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** निशांत चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संजय नगर सेक्टर 23 में संचालित निशांत कंप्यूटर अकादमी के विद्यार्थियों को बेसिक कंप्यूटर कोर्स में सफलता प्राप्त करने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि चिन्मय मिश्रा, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी, ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह कम्प्यूटर का युग है, सभी को इसकी जानकारी आवश्यक है।

गाजियाबाद परमहंस पब्लिक स्कूल के संस्थापक केपी सिंह एवं लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज के संस्थापक राजकुमार त्यागी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी सफल 21 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट तथा प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड दे कर उनका मनोबल बढ़ाया ।

# रोजगार मेले में 204 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया चयनित: जिला समन्वयक

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** मिशन निदेशक महोदय, उ०प्र० कौशल विकास मिशन, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन विकासखण्ड रजापुर के प्रांगण में किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री अजीत पाल त्यागी (विधायक मुरादनगर) द्वारा फिता काटकर कराया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, गाजियाबाद पीयूष चन्द्र राय, खण्ड विकास अधिकारी, रजापुर डॉ० आदेश कुमार एवं जिला सहायक सेवायोजन अधिकारी श्रीमती दिव्या त्रिपाठी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर द्वारा रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर अपना शुभ-आशिष प्रदान किया गया। जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, गाजियाबाद श्री पीयूष चन्द्र राय द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं इससे सम्बन्धित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लाभ से अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया।

रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना से विभिन्न यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 300 व अन्य 250 कुल 550 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 21 अधिष्ठानों द्वारा 1761 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के 152 अभ्यर्थी एवं अन्य 52 कुल 204 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया गया। मा० विधायक मुरादनगर, खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, गाजियाबाद ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं।

आगामी कार्य दिवसों में दिनांकः 10.01.2024 को विकासखंड, मुरादनगर के अन्तर्गत राजकीय आई०टी०आई०, दिनांकः 12.01.2024 को विकासखंड, भोजपुर एवं दिनांकः 16.01.2024 को विकासखंड, लोनी में रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा।

# विभागीय अधिकारियों सहित महापौर तथा नगर आयुक्त ने की बैठक, निगम की आय, विकास कार्य तथा शहर के सौंदर्यकरण पर हुई चर्चा



- गाजियाबाद प्रवेश द्वार जल्द किये जाए तैयार : महापौर
- अवैध विज्ञापन के विरुद्ध रफ्तार से चले अभियान : नगर आयुक्त

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर समस्त निगम के विभाग के अधिकारियों सहित महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बैठक की गई, बैठक मे विशेष रूप से शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ शहर की सुंदरता पर चर्चा हुई इसी के क्रम में निगम की आय को लेकर वार्ता हुई, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल के.पी.आनंद, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, उपस्थित रहे।

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जहां विकास कार्य में तेजी दिखाई दे रही है वहीं महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए भी कार्य चल रहा है विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी चल रही है जिसमें मुख्य चौराहों के सौंदर्यकरण, पार्कों का सौंदर्यकरण, गाजियाबाद एंट्री के प्रवेश द्वार, चौराहों पर लगे फाउंटेन की मरम्मत, शाहिद स्थलों का सौंदर्यकरण व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

शहर की सुंदरता पर जोर देते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त ने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए जिसमें जलकल विभाग को फाउंटेन की मरम्मत तथा लाइटिंग लगाने के लिए कहा गया, पार्कों की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए भी निर्देश दिए गए, शाहिद स्थलों को गमले इत्यादि से सजाने के लिए भी कहा गया, मुख्य चौराहा को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए, गाजियाबाद प्रवेश द्वार बनाने के लिए कार्यवाही तेज करने के लिए निर्माण को कहा।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवैध विज्ञापन पर विशेष कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को कहा गया अवैध यूनीपोल, किओस्क, होर्डिंग, पोस्टर व अन्य विज्ञापन को अविलंब कार्यवाही कर हटाने के लिए निर्देश दिए ऐसे अवैध लगी विज्ञापन से शहर की सुंदरता छिन्न भिन्न हो रही है शहर को सुंदर बनाने के लिए सबसे पहला कदम उठाते हुए अवैध विज्ञापन हटाने के लिए कहा गया।

बैठक में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें महापौर द्वारा सभी वार्डों में समान कार्य करने की निर्देश दिए, तथा इमरजेंसी के कार्यों को तत्काल करने के लिए भी कहा गया, महापौर तथा नगर आयुक्त ने निगम की आय और अधिक बढाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने की निर्देश दिए, गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में कार्य कर रहा है जिसमें निगम की आय बढ़ाने पर शहर हित में और अधिक बेहतर कार्य होंगे जिसके लिए कार्यवाही जारी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## शिल्पकारों और कारीगरों के हुनर में सुधार कराते हुए दिया जायेगा टूल कीट और लोन: जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के मुख्य एजेंडों में अवशेष ग्राम पंचायतों के पी0एम0 विश्वकर्मा योजना के पोर्टल पर ऑन बोर्ड किये जाने के सम्बंध में तथा योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का प्रथम स्तर पर वेरीफिकेशन किये जाने के सम्बंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि यह योजना 18 तरीके के काम करने वाले कारीगरों के हुनर को और अधिक सुधार के लिए, उनके हुनर को सुधार कर उन्हें टूल किट प्रदान करना और उन्हें अपने इस कार्य को अच्छे स्तर पर या बढाने के लिए कम ब्याज दर पर लोन दिलवाना है। बैठक में बताया गया कि पीएम विश्वकर्मा भारत सरकार द्वारा संचालित नवीन महत्वाकांक्षी योजना है, जो कि परम्परागत कारीगरों के कौशल उन्नयन में वृद्धि करते हुऐ उनके उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित की गई है। योजना का उद्देश्य है कि सभी हस्तशिल्पियां एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में एक अलग पहचान दिलाना। विश्वकमाओं को उनके परंपरागत कार्य के अनुसार उनका कौशल उन्नयन कराना। विश्वकमाओं को उनके उत्पाद की गुणवत्ता सुधार हेतु उन्नतशील टूलकिट उपलब्ध कराना। सभी विश्वकमाओं को गारण्टी फ्री कोलैट्रल लोन की सुविधा उपलब्ध कराना। विश्वकर्माओ को डिजिटल लेन देन में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराना। विश्वकमाओं के उत्पाद व सेवा को ब्राण्ड के रूप में विकसित कराना तथा बिक्री हेतु बाजार उपलब्ध कराना है। योजना की पात्रता हेतु कोई भी परम्परागत कारीगर जो कि योजनान्तर्गत सम्मिलित 18 परम्परागत व्यवसायों में कार्य कर रहा है। वह पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण एवं आवेदन कर सकता है। योजनान्तर्गत लाभार्थी की आयु पंजीकरण की तिथि से 18 वर्ष एवं उससे अधिक हो। लाभार्थी सम्बन्धित परम्परागत व्यवसाय से सम्बद्ध हो एवं किसी समान प्रकृति के केन्द्र अथवा राज्य सरकार की योजनाओं पीएम स्वनिधि, मुद्रा इत्यादि में लाभान्वित न हो। योजनान्तर्गत परिवार का एक सदस्य ही पंजीकरण एवं लाभ प्राप्त कर सकता है। परिवार से आशय पति/पत्नी एवं अविवाहित बच्चों से है। कोई भी व्यक्ति जो सरकारी सेवा में हो, उस व्यक्ति के परिवार से कोई भी सदस्य योजनान्तर्गत पात्र नही होगा।



Admission Open for Session 2024-25 I Classes Pre- Nursery, Nursery, K.G. I & II
Under the aegis of Gurukul Education Society running Gurukul-The School NH-24, Ghaziabad with
Saviours Green School Award
BRITISH COUNCIL INTERNATIONAL SCHOOL AWARD 2015-2018
International Exchange Programme With Germany USA Poland China UK Indonesia
Ranked amongst top 10 schools of Ghaziabad by Times of India, Hindustan Times, Education World for 2012, 2013, 2014 & 2015.
Outstanding Award by Tony Blair Faith Foundation, U.K.
Parakh NGO Award for Best Infrastructure & Facility provided to students, parents & visitors
Plot No.EF - 7 & 8/E, Crossing Republik, Ghaziabad I Mob: 9599596098, 9205272091 I www.gurukultheschool.com

# सरसों का साग बनाने का सबसे आसान तरीका

**सूर्या मिश्रा**

सर्दियां आते ही सरसों के साग और मक्के की रोटी की डिमांड बढ़ जाती है। सरसों का साग बहुत से पोषक तत्वों से भरा होता है। यह सर्दियों के असर को भी दूर करने में सहायक है। सरसों के साग के साथ मक्के की रोटी का कॉम्बिनेशन बहुत ही लाजवाब होता है। ये स्वाद में जायकेदार होने के साथ ही सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आज हम आपको बता रहें हैं सरसों के साग को बनाने का बहुत ही आसान तरीका जिसे आप घर में आसानी से बना सकते हैं



*सरसों का साग बहुत से पोषक तत्वों से भरा होता है। यह सर्दियों के असर को भी दूर करने में सहायक है। सरसों के साग के साथ मक्के की रोटी का कॉम्बिनेशन बहुत ही लाजवाब होता है। ये स्वाद में जायकेदार होने के साथ ही सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आज हम आपको बता रहें हैं सरसों के साग को बनाने का बहुत ही आसान तरीका जिसे आप घर में आसानी से बना सकते हैं*

## सरसों का साग बनाने के लिए सामग्री

सरसों के पत्ते - 5 कप
एक प्याज कटा हुआ
पालक का साग - 4-5 कप
अदरक कटा हुआ- एक इंच
बटर -50 ग्राम
1 हरी मिर्च कटी हुई
लहसुन कटा हुआ- एक टी स्पून
हींग -एक चुटकी
लाल मिर्च पाउडर- एक टी स्पून
तेल -2 चम्मच
नमक स्वादनुसार

## बनाने की विधि

सरसों के पत्तों को अच्छी तरह धोकर बारीक-बारीक टुकड़ो में काट लें। पालक के पत्तों को भी इसी तरह धोकर बारीक टुकड़ो में काट लें। अब एक बड़े बर्तन में पानी गरम करें। जब पानी उबलने लगे तो इसमें पालक और सरसों के पत्तों को मिलाकर पकने के लिए ढक दें। करीब पांच से दस मिनट तक पकने दें। इसमें आधा चम्मच नमक मिला दें। बीच-बीच में चलातें रहें। दस मिनट के बाद पालक और सरसों को पानी से निकल कर किसी छलनी में रख दें जिससे अतिरिक्त पानी निकल जाये तो इसको मिक्सर में पीस लें। आप चाहें तो इसमें आधा कप पानी मिलाकर पीस लें। अब इस पेस्ट को एक बर्तन में अलग निकाल कर रख दें।

अब एक कढ़ाही को मीडियम आंच पर रखें इसमें दो चम्मच तेल डाल कर गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाये तो इसमें हींग और जीरा डालकर कुछ सेकंड तक भूने। फिर इसमें कटा प्याज और लहसुन डालकर सुनहरा होने तक भूनें। जब प्याज सुनहरा हो जाये तो इसमें सरसों और पालक का पेस्ट डाल कर मिक्स करें। इसको पांच मिनट तक चलायें। अब इसमें लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसको पांच- सात मिनट तक ढक कर पकायें। इसको बीच-बीच में चलाते रहें। सात मिनट बाद इसको आंच से उतार लें। अब इसमें बटर डाल कर ढक दें। अब स्वादिष्ट और पौष्टिक सरसों का साग बनकर तैयार है। अगर आप चाहें तो पकाते समय इसमें एक चम्मच मक्के का आटा भी मिक्स कर सकते हैं।

# इन वजहों से होते हैं बार-बार मूड स्विंग

**मिताली जैन**

एक पल खुशी और दूसरे पल उदासी। ऐसा हम सभी ने कभी ना कभी एक्सपीरियंस किया ही है। इसे मूड स्विंग्स कहा जाता है, जब आप बिना किसी वजह के बेहद खुश या उत्साहित महसूस करते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप बेवजह दुखी, परेशान या उदास हों। अक्सर इस सिचुएशन में हमें समझ में नहीं आता है कि खुद को किस तरह हैंडल करें। हालांकि, कभी आपने सोचा है कि बार-बार होने वाले मूड स्विंग्स के पीछे की वजह क्या हो सकती हैं। अगर नहीं, तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस बारे में बता रहे हैं-

## हार्मोनल बदलाव

मूड स्विंग्स के पीछे की सबसे मुख्य वजह शरीर में हार्मोनल बदलाव हो सकते हैं। मसलन, प्यूबर्टी, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी व मेनोपोज के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से हार्मोनल उतार-चढ़ाव होते हैं, जो उनके मूड को प्रभावित कर सकते हैं। इतना ही नहीं, कई बार हार्मोनल डिसऑर्डर जैसे पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) आदि भी मूड स्विंग्स की वजह बन सकते हैं।

## स्ट्रेस

कई बार स्ट्रेस की वजह से भी आपको मूड स्विंग्स हो सकते हैं। यह स्ट्रेस काम, रिलेशनशिप या फिर जीवन की किसी अन्य घटनाओं के कारण हो सकते हैं। अगर आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में हैं, तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कुछ एक्टिविटीज का हिस्सा बनें।

## नींद संबंधी समस्या

अगर आप इन दिनों नींद से जुड़ी किसी परेशानी का सामना कर रहे हैं। मसलन, अगर आपको नींद कम आ रही हैं या फिर आपका स्लीप पैटर्न अनियमित है तो ऐसे में आपकी बॉडी में स्ट्रेस लेवल बढ़ सकता है। जिससे आपको मूड स्विंग्स की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।



## मेडिकल साइड इफेक्ट्स

कई बार मेडिकल साइड इफेक्ट्स के कारण भी व्यक्ति को मूड स्विंग्स हो सकते हैं। कभी-कभी कुछ हेल्थ कंडीशन को ठीक करने के लिए हम दवाइयों का सेवन करते हैं। ऐसे में उसके साइड इफेक्ट के रूप में आपको बहुत अधिक उत्साहित या उदासी का अहसास हो सकता है।

## एनवायरनमेंट ट्रिगर

कभी-कभी कुछ लोगों को बदलते मौसम के साथ भी मूड स्विंग्स की समस्या होती है। इसे सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर मतलब एसएडी के रूप में जाना जाता है। ऐसे में व्यक्ति अधिक उदास महसूस करता है। यहां तक कि उसकी फूड क्रेविंग्स भी बढ़ने लगती है।

# ओडिशा में सिर्फ कोणार्क ही नहीं बल्कि इन जगहों को भी जरूर करें एक्सप्लोर

**अनन्या मिश्रा**

बंगाल की खाड़ी के तट पर बसा ओडिशा राज्य बेहद खूबसूरत होने के साथ एक पर्यटक स्थल भी है। ओडिशा का कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए सबसे ज्यादा फेमस है। राजा नरसिंह देव प्रथम ने बाहरवीं शताब्दी सूर्य देव को समर्पित इस मंदिर का निर्माण करवाया था, जो आज के समय में भी देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर की ऊँचाई करीब 227 फीट है, जो देश के सभी मंदिरों से ज्यादा है। इस मंदिर का निर्माण सूर्यदेव के रण के रूप में किया गया है। इस मंदिर में 7 घोड़े और 24 पहिए बने हुए हैं।आपको जानकर हैरानी होगी कि पहियों की तीलियों पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों को देखकर सही वक्त बताया जा सकता है। इस मंदिर की नक्काशी भी काफी शानदार है। साथ ही मंदिर की नायाब बनावट के कारण यूनेस्को ने साल 1984 में इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित कर दिया था। ऐसे में अगर आप भी इस सर्दी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं और आप यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए, तो आप एक बार कोणार्क आने का प्लान बना सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर अन्य कई जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।




## कोणार्क में घूमने वाली जगहें

### अस्तरंग बीच


बता दें कि कोणार्क से 19 किमी दूर स्थित यह समुद्र तट अपने सनसेट के नजारे के लिए काफी फेमस है। वहीं यह बीच सुबह-सुबह लगने वाले मछली बाजार के लिए भी फेमस है। यहां पर मछली खरीदने के अलावा, मछली पकड़ने, पकाने और तरह-तरह की मछलियों को खाने का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### सूर्य मंदिर

कोणार्क का सूर्य मंदिर इस जगह के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर में तीन तरह के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है- मंदिर की चारदीवारी, फर्श और सीढ़ियों पर लेटेराइट पत्थर, दरवाजों की चौखट पर क्लोराइट पत्थर और बाकी पूरी जगह पर खोंडालाइट पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। यूरोपीय नाविकों ने पत्थरों के काले रंग के कारण इसे ब्लैक पगोडा नाम दिया। यहां पर हर साल कोणार्क डांस फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, कथक, मणिपुरी आदि कई क्लासिकल डांस का प्रदर्शन किया जाता है।

### चंद्रभागा बीच

सूर्य मंदिर से करीब 3 किमी की दूरी पर इस चंद्रभागा नदी के नाम पर इस समुद्र तट का नाम पड़ा है, जो इसके पास समुद्र में मिलती है। यहां पर सूर्योदय का नजारा देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लगती है। कहा जाता है कि जब श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। तो उस रोग से निजात पाने के लिए साम्ब ने इसी स्थान पर सूर्यदेव की उपासना की थी। दिसंबर-जनवरी में हर साल यहां सैंड आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसको न सिर्फ देखने बल्कि उसमें हिस्सा लेने के लिए विदेशों से भी पर्यटक आते हैं। बता दें कि चंद्रभागा बीच को देश के फर्स्ट ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन का गौरव भी प्राप्त है। यह सर्टिफिकेट आधुनिक सुविधाओं और बीच की साफ-सफाई के आधार पर दिया जाता है।



# व्हाट्स एप चैनल पर उपलब्ध रहेगी विद्वान अधिकारी गण के अवकाश, टेंडर, सर्कुलर, ई चालान, लोक अदालत आदि की सूचनाऐं

## जनपद न्यायाधीश की अनोखी पहल, मोबाइल पर उपलब्ध होगी जनपद न्यायालय से सम्बंधित जानकारी

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे श्रीमती कल्पना सक्सेना, अपर पुलिस आयुक्त, गंभीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर), प्रवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रभारी अधिकारी (प्रशासन)/ विशेष न्यायाधीश (सीबीआई)-02, हीरा लाल, अध्यक्ष न्यायालय सुरक्षा समिति/ अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय संख्या -02, श्री नीरज गौतम, प्रभारी अधिकारी (नजारत)/ अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय संख्या -10, सुनील प्रसाद, सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण, सुधांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉ.भवतोष शंखधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजेश चंद्र शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), मनोज मिश्रा, कोर्ट मैनेजर व अन्य गणमान्य अधिकारीगण



उपस्थित रहे। उक्त बैठक मे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा जनपद न्यायालय गाजियाबाद के व्हाट्स एप चैनल का प्रचार-प्रसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इत्यादि के माध्यम से करने के लिए निर्देशित किया गया। इस चैनल को शिवम सिस्टम ऑफिसर द्वारा बनाया गया है, इस पर विद्वान अधिकारी गण के अवकाश, टेंडर, सर्कुलर, ई चालान, लोक अदालत आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध रहेगी। व्हाट्स एप चैनल लिंक - https://whatsapp.com/channel/0029VaCO5JiD38CWb8BiCb0F

# 10 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जायेगा राशन कार्ड धारकों को आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरणः जिला पूर्ति अधिकारी



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आयुक्त महोदय खाद्य तथा रसद विभाग उ०प्र० लखनऊ के कार्यालय पत्र सं० 77/आ० पू०रा०-निःशुल्क वितरण/2024 दिनांक 04-01-2024 के अनुपालन में, जनपद-गाजियाबाद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को माह जनवरी-2024 हेतु आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 10-01-2024 से 25-01-2024 के मध्य कराया जायेगा। जिसमें अन्त्योदय राशनकार्ड धारक को गेहूँ 14 किग्रा. प्रति राशनकार्ड व चावल 21 किग्रा. प्रति राशनकार्ड और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक को गेहूं 02 किग्रा प्रति यूनिट व चावल 03 किग्रा. प्रति यूनिट मिलेगा। दिनांक 31-12-2028 तक उपरोक्तानुसार ही भारत सरकार के सम्पूर्ण व्ययभार पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित लाभार्थियों को राशन का निःशुल्क वितरण किया जाता रहेगा।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ग्रीनमैन विजयपाल बघेल हुए विशेष आमंत्रित

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्री रामलला के दिव्य और भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए हरितऋषि विजयपाल बघेल को व्यक्तिगत अनादिक निमंत्रण मिला है जो रामवर्ष 2024 के 15 जनवरी से 22 जनवरी तक संचालित प्राण प्रतिष्ठा हेतु होने वाले सभी अनुष्ठानों में प्रतिभागी बनकर सदियों से प्रतीक्षारत उन पावन पलों के साक्षी बनने का सौभाग्य प्रदान करने वाला होगा जिनसे मानव जीवन धन्य होता है।

श्रीराम धाम अयोध्या से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा श्री बघेल को व्यक्तिगत अनादिक निमंत्रण देकर अयोध्या आने के लिए आमंत्रित किया। श्री बघेल ट्री ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष हैं और ग्रीनमैन ऑफ इंडिया के रूप में विश्व विख्यात है।

हरितऋषि विजयपाल बघेल ने बताया कि अयोध्या से आए खास न्योते को प्राप्त करने



वाले ऐतिहासिक इन सुखद क्षणों को आत्मीय रूप से निशब्द होकर केवल महसूस किया जा सकता है व्यक्त करना मेरे लिए असंभव है। मेरा जीवन धन्य हो गया और सात जन्म सार्थक करने वाला सिद्ध हो रहा है, वनवासी राम के चरित्र से ही प्रेरणा लेकर ही प्रकृति प्रेम को जीवन का ध्येय बनाया है और पूर्ण समर्पण के साथ वृक्षसंपदा के संरक्षण और संवर्द्धन के प्रति सजग होकर लोक कल्याण का भाव जागृत हुआ है। ग्रीनमैन बघेल ने आगे कहा कि राम जी के जीवन से जुड़ा हर पल जल, जंगल और जमीन से जुड़ा रहा।

# घटतौली में मिलेगी निजात, कोटेदारों की समस्याओं का भी जल्द होगा निराकरणः जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में प्रदेश के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रोनिक्स वेईंग मशीन सहित ई–पास मशीनों की स्थापना एवं संचालन के सम्बंध बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद की तहसीलों में कार्यरत उचित दर दुकानों की संख्या के अनुसार ई–कांटे तथा ई–पॉस मशीनें पहुंचायी जाएगी एवं उन्हें एक चयनित स्थल पर सुरक्षित रखा जाएगा। चयनित स्थल पर ही विधिक बाट माप एवं विज्ञान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ई–कांटों की स्टॉम्पिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। चयनित स्थल पर ही उचित दर विक्रेताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निदेर्शित किया कि उक्त मशीनों को रखने एवं उनकी सुरक्षा के पुख्ते इंतेजाम किए जाए। इसके



साथ ही सभी कोटेदारो को सही से प्रशिक्षिण दिए जाए। सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए। इस कार्य से सम्बंधित सभी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करें और अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी से लगातार सम्पर्क में रहें ताकि किसी भी समस्या के कारण इस कार्य रूकावट नहीं होनी चाहिए। इस प्रणाली से घटतौली के मामले से निजात मिलेगी। इस मौके पर कोटेदारों द्वारा अपनी समस्याऐं भी रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप अधिकतर समस्याओं का जल्द ही निराकरण किया जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एसडीएम श्री विनय कुमार सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा बाल्यान, जिला विपणन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगणों के साथ ही बड़ी संख्या में कोटेदार भी मौजूद रहे।

## मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में

# ग्राम अमीरपुर बड़ायला किनापुर व ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर अखाड़ा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम सम्पन्न

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम अमीरपुर बड़ायला किनापुर व ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर अखाड़ा ब्लॉक भोजपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जी, डॉ मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर व श्रीमती सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान व जिला महामंत्री जितेंद्र चितौड़ा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई।

कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी





तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों राजेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, हरेंद्र सिंह, बाबू, विनोद कुमार, प्रेमवीर, अमरजीत, पुष्पेंद्र, सलेकचंद, दिनेश को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान यशपाल सिंह, विनोद, राजेंद्र, अमरजीत व प्रेमवीर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है।

ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का स्प्रे सुशील शर्मा, अनिल, मनीष व शौदान सिंह के गेहूं के खेत पर कराया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ -ए वतन मेरे वतन आबाद रहे तू, देश मेरा रंगीला रंगीला, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न-भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने किया लोनी में करोड़ों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास





टीबीसी संवाददाता

**लोनी।** मुख्यमंत्री, उ०प्र० सरकार की प्रेरणा से नगर विकास विभाग द्वारा जारी (राज्य वित्त आयोग) प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लोनी जनपद-गाजियाबाद में निर्माण कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनरल विजय कुमार सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं नन्दकिशोर गुर्जर, माननीय विधायक, लोनी द्वारा किया गया। जिसमें 211 निर्माण कार्यों की धनराशि 55.74 करोड़ रुपए है, जिसमें निकाय क्षेत्र की सडको, गालियों इत्यादि के निर्माण कार्य शामिल किये गये है। उक्त शिलान्यास कार्यकम में रण विजय सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद, श्रीमती रंजीता धामा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लोनी, अरुण कुमार दीक्षित, उप जिलाधिकारी लोनी, कृष्ण कान्त मिश्र अधिशासी अधिकारी, संजीव कुमार अवाना मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, मनोज कुमार अवर अभियन्ता उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त सतपाल प्रधान, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के साथ निकाय के समस्त सभासदगण व गणमानय नागरिक उपस्थित रहे।

## भारी विरोध के साथ चला प्लास्टिक मुक्त अभियान, विजयनगर तथा कवि नगर जोन अंतर्गत हुई बड़ी कार्यवाही

### शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाना है यूं ही जारी रहेगा निगम का अभियान व्यापारी करें सहयोगः नगर आयुक्त





टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** जहां गाजियाबाद नगर निगम शहर से सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने में लगा हुआ है जिसके क्रम में लगातार निगम की टीम अभियान चला रही है वहीं कुछ दुकानदार कार्यवाही में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि वह शहर हित में सहयोग करें शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार अलग-अलग जोन में कार्यवाही चल रही है विजयनगर तथा कवि नगर जोन अंतर्गत कार्यवाही चली जिसमें दुकानदारों पर सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर जुमार्ना भी वसूला गया कवि नगर अंतर्गत 31000 का जुमार्ना तथा विजयनगर अंतर्गत 20600 का जुमार्ना वसूलाया गया दोनों स्थानों को मिलाकर चार क्विंटल 6 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त की गई, कवि नगर जोन अंतर्गत सी ब्लॉक मार्केट एरिया तथा विजयनगर जोन अंतर्गत सेक्टर 9 मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया अभियान के दौरान पुलिस बल तथा एळ्ऋटीम का सहयोग प्राप्त हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त अभियान जोरों से चल रहा है नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों का प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही में आवाहन किया गया है, सामाजिक तथा धार्मिक व अन्य किसी भी कार्यक्रम में प्लास्टिक का प्रयोग ना करें इसके लिए अपील भी की गई है नगर आयुक्त द्वारा व्यापारी वर्ग को भी निगम का सहयोग करने के लिए अपील की गई है, करनल दीपक शरण तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जोनल प्रभारी की टीम वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए शहर को प्रतिबंधित प्लास्टिक से मुक्त करने में कार्यवाही कर रही है। रोस्टर के अनुसार लगातार शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर त्र्क्क्रभी की जा सकती है, टीम द्वारा बताया गया' कई सामाजिक संस्थाएं तथा व्यापारी गण भी निगम का सहयोग कर रहे हैं जो की सराहनीय है।

## हजारों गरीबों को बांटे गए कम्बल और भोजन





**गाजियाबाद (टीबीसी न्यूज)।** सोशल अवेयरनेस सोसायटी , फॉयर स्टार क्लब और परम गोविंद चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से सर्दी से ठिठुरते लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर लगभग 1000 लोगों को कंबल वितरित किए गए तथा सभी के लिए भोजन व चाय की व्यवस्था भी की गई । इस अवसर पर साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने कहा सर्दी के अवसर पर इससे बड़ी कोई मानवीय सहायता नहीं हो सकती। सभी लोगों को आगे बढ़कर ऐसे कार्यक्रमों दिल खोलकर सहयोग करना चाहिए ।गरीब असहाय लोगों को मदद जरूर पहुंचे यह प्रयास करना चाहिए। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा हम सभी सुनिश्चित करें एक भी मौत गाजियाबाद में सर्दी के कारण ना हो, सभी गरीब लोगों तक मदद पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए ।संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं। महानगर भाजपा महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कंबल वितरण सर्दियों मे ईश्वरीय सेवा है सभी को मदद करने का प्रयास करना चाहिए ।इस अवसर पर भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा , भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय सचिव पंडित शिव ओम शर्मा , भाजपा पार्षद पप्पू नगर , पूर्व पार्षद राजेंद्र तितोरिया, भाजपा पार्षद सावत्री तितोरिया, निर्दलीय पार्षद अजीत निगम, पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी, कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश मिश्रा, श्री रामलीला समिति राजनगर अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष राजीव मोहन गुप्ता , महामंत्री आर एन पांडे राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता , कोषाध्यक्ष सी ए डी के गोयल, श्री रामलीला समिति राजनगर उपाध्यक्ष आर के शर्मा , उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, समाजसेवी डी डी शर्मा , पंडित राकेश शास्त्री पर्यावरण विद् आकाश वशिष्ठ पर्यावरण विद् अभय त्यागी, अजय राघव, सेक्टर 10 गुरुद्वारा के प्रधान एस एस पुरी ,कवि नगर जैन मंदिर के प्रधान आर के जैन, शिवम शर्मा , नीरज दीक्षित , फायर स्टार क्लब के संस्थापक आदित्य कौशिक , श्री रामलीला समिति राज नगर उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी, रामलीला समिति ऑडिटर सी ए दीपक मित्तल ब्लॉक प्रमुख अनीश यादव , इस वर्ष सबसे अधिक सहयोग सभी साथियों का रहा जिसका हजारों लोगों को फायदा पहुंचा है।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रीमहंत नारायण गिरि होंगे शामिल

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** अयोध्या के राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इस गौरवशाली पल के लिए श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज को शनिवार को श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र दिया गया।

महाराज श्री को निमंत्रण पत्र विहिप के प्रान्त सह धर्म प्रसार प्रमुख विकास पंवार, महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, महानगर संगठन मंत्री मनीष सिसोदिया व बजरंगदल संयोजक गौरव सिंह ने दिया। दिल्ली संत महामंडल के संस्थापक राघवेंद्रानंद महाराज उदासीन आश्रम नई दिल्ली महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, कोषाध्यक्ष महंत धीरेंद्र पुरी महाराज समेत 50 साधु-संतों को शुक्रवार को निमंत्रण पत्र दिया जा चुका है। शनिवार को श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज को विधिवत रूप से निमंत्रण पत्र देने के लिए विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जिस पल का साक्षी बनने के लिए देवी-देवता भी तरसते हैं, उस पल के हम प्रभु राम की कृपा से साक्षी बनेंगे। 22 जनवरी के दिन को हम सभी ने दीपावली पर्व की तरह ही मनाना है और अपने घरों को दीयों से सजाकर पूरे विश्व को यह संदेश देना है कि हम सभी के आराध्य प्रभु श्रीराम भव्य राम मंदिर में विराजमान हो गए हैं।

## बकाया जमा न होने पर काटेंगे सीवर व पानी का कनेक्शन



**साहिबाबाद।** मोहन नगर जोन में सोमवार को शहीद नगर, भोपूरा, जनकपुरी और राजेंद्र नगर में जोनल प्रभारी आरपी सिंह के नेतृत्व में कर वसूली को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान एक लाख से ऊपर कुल 10 मकानों की दीवार पर नोटिस चस्पा किया गया। इंस्पेक्टर धनवीर कुमार ने बताया कि बकायेदारों को एक सप्ताह में बकाया राशि जमा करने का समय दिया गया है। इस अवधि में राशि जमा नहीं होने पर मकानों के सीवर और पानी का कनेक्शन काटा जाएगा। इस दौरान पुलिस बल के साथ नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.